INDIAN SCHOOL SOHAR

No of printed pages: 4

TERM - 2 EXAMINATION ( 2018-2019)

विषय : हिंदी

कक्षा : VIII | पूर्णांक : 80

दिनांक : 14 /03/19 | समय : 3 घंटे

---

सामान्य निर्देश : (1) इस प्रश्न-पत्र के चार खंड हैं क ,ख ,ग और घ।

(2) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

(3) इस प्रश्न-पत्र में कुल 12 प्रश्न हैं।

(4) प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले प्रश्न संख्या अवश्य लिखिए।

---

## खंड - क (अपठित गद्यांश)

**प्रश्न 1- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए :**

**आनेवाले साल के लिए कमाई और खर्चे की योजना बजट कहलाती है।यह एक ऐसा शब्द है जो कि आम जिंदगी में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।कोई भी समझदार व्यक्ति अपने हर छोटे-बड़े काम या किसी भी प्रकार खर्च या निवेश बजट बनाकर ही करता है ठीक उसी तरह सरकार भी अपने मुख्य कार्य, आय-व्यय का लेखा-जोखा एवं आनेवाले वर्ष के लिए कई योजनाएँ बजट से ही बनाती है तथा हर वित्तीय वर्ष में जनता के सामने अपना बजट प्रस्तुत करती है।बजट सरकार एवं प्रत्येक व्यक्ति की ज़िंदगी का महत्वपूर्ण हिस्सा है।अगर हम अपनी आमदनी के हिसाब से घर का बजट बनाकर खर्च करते हैं तो खुद को आर्थिक रूप से ज़्यादा संतुलित और आश्वस्त महसूस करते हैं, इसके विपरीत जो लोग अपना बजट बनाकर खर्च नहीं करते हैं वे अकसर आर्थिक परेशानियों में घिरे रहते हैं और कभी-कभी तो भयंकर कर्ज़ के बोझ से लद जाते हैं।यही बात देश या राज्य के मामले में भी लागू होती है।अगर देश की वित्तीय स्थिति को ठीक रखना है तो उसे एक आदर्श बजट बनाना ही चाहिए।आदर्श बजट वह है जिसमें किसी का स्वार्थ न हो।सरकार द्वारा उस बजट में व्यापार, सरकार, देश, बहुराष्ट्रीय संगठन के लिए, एक व्यक्ति तथा परिवार के लिए अच्छी से अच्छी योजनाएँ बनाई गई हो।**

(क) बजट क्या है ? (1)

(ख) बजट बनाकर खर्च करने से क्या होता है? (1)

(ग) आर्थिक परेशानियों में लोग कब घिर जाते हैं? (1)

(घ) कोई भी समझदार व्यक्ति अपने काम को किस प्रकार से करता है? (1)

(ङ) सरकार अपने मुख्य कार्य एवं आय-व्यय का लेखा-जोखा कैसे प्रस्तुत करती है? (2)

(च) आदर्श बजट क्या होता है? (2)

(छ) 'ईय' एवं 'इक' प्रत्यय वाले एक-एक शब्द गद्यांश में से ढूँढ़कर लिखिए। (2)

P.T.O.

## खंड - ख (व्याकरण)

प्रश्न 2- (i) निम्नलिखित शब्दों के मूल शब्द एवं प्रत्यय अलग करके लिखिए : (2)

(क) निम्नतम (ख) दैनिक

(ii) निम्नलिखित शब्दों के उपसर्ग एवं मूल शब्द अलग करके लिखिए : (2)

(क) दुराचार (ख) स्वतंत्र

(iii) निम्नलिखित वाक्यों के भेद पहचानकर लिखिए : (2)

(क) आपकी यात्रा मंगलमय हो।

(ख) तुम परिश्रम करते तो अवश्य सफल होते।

(iv) निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए : (2)

(क) वह प्रतिदिन व्यायाम करता है। (निषेधवाचक)

(ख) बाहर तेज़ बारिश हो रही है। (विस्मयवाचक)

प्रश्न 3- (i) निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त अलंकार के भेद लिखिए : (2)

(क) हिंदी हैं हम वतन है हिन्दोस्तां हमारा।

(ख) गरीब के नसीब में कहाँ है सोना ।

(ii) निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तन कर वाक्यों को दुबारा लिखिए : (2)

(क) गाय चारा खाती है। (कर्मवाच्य)

(ख) प्रशांत पढ़ नहीं पाता। (भाववाच्य)

(iii) निम्नलिखित वाक्यों के वाच्य- भेद लिखिए : (2)

(क) माँ खाना पकाती है।

(ख) कोयल से कूका जाता है।

प्रश्न 4- (i) निम्नलिखित शब्दों के लिए विलोम शब्द लिखिए : (2)

(क) विरोध (ख) प्रशंसा (ग) सज्जन (घ) आय

(ii) निम्नलिखित शब्दों में संधि कीजिए : (2)

(क) प्रति +एक (ख) रमा + ईश

(iii) निम्नलिखित शब्दों में संधि-विच्छेद कीजिए : (2)

(क) पुस्तकालय (ख) स्वच्छ

## खंड - ग (साहित्य)

प्रश्न 5- निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए : (6)

(क) गढ़न (ख) विद्यमान (ग) शिखर (घ) जुगाड़ (ङ) फोकट (च) साँसत।

प्रश्न 6- (i) निम्नलिखित मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए : (2)

(क) चैन की बंशी बजाना (ख) आँखें खुलना

(ii) निम्नलिखित लोकोक्तियों को पूरा कीजिए : (2)

(क) चिराग तले ------------------------------

(ख) डूबते को तिनके ---------------------------

प्रश्न 7- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए :

एक सिपाही ने गुलेल मारकर गवरइया की टोपी नीचे गिरा दी,तो दूसरे सिपाही ने झट वह टोपी लपक ली और राजा के सामने पेश कर दिया।राजा टोपी को पैरों से मसलने ही जा रहा था कि उसकी खूबसूरती देखकर दंग रह गया।कारीगरी के इस नायाब नमूने को देखकर वह जड़ हो गया-"मेरे राज में मेरे सिवा इतनी खूबसूरत टोपी दूसरे के पास कैसे पहुँची!" सोचते हुए राजा उसे उलट-पुलटकर देखने लगा।

(क) गवरइया की टोपी कैसे गिर गई? (1)

(ख) राजा ने टोपी को पैरों से क्यों नहीं मसला? (1)

(ग) टोपी को देखकर राजा क्या सोचने लगा? (1)

(घ) गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए। (2)

प्रश्न 8- निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए: (5)

(क) अंग्रेज ने पुराना लोटा क्यों खरीद लिया?

(ख)बालक कृष्ण किस लोभ के कारण दूध पीने के लिए तैयार हुए?

(ग) वस्तु-विनिमय क्या है और विनिमय की प्रचलित पद्धति क्या है?

(घ) लेखक को ओस की बूँद कहाँ मिली?

(ङ) बाजअपनेजीवनसे संतुष्ट क्योंथा?

(च) पानी ने अपना पूर्वज किसे कहा है?

प्रश्न 9- निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए : (15)

(क) मशीनी युग से बदलू के जीवन में क्या बदलाव आया?

(ख) लाला झाऊलाल को बेढंगा लोटा बिलकुल पसंद नहीं था ।फिर भी उन्होंने चुपचाप लोटा क्यों ले लिया?

(ग) गोपी का यशोदा के पास आने का उद्देश्य क्या था?

(घ) साँप उड़ने की इच्छा को मूर्खतापूर्ण मानता था। फिर उसने उड़ने की कोशिश क्यों की?

(ङ) 'यह सबसे कठिन समय नहीं है' - इस पंक्ति में कवयित्री का संदेश क्या है?

(च) टोपी पहनकर गवरइया राजा को चुनौती देने क्यों पहुँची?

(छ) ओस की बूँद क्रोध और घृणा से क्यों काँप उठी? P.T.O.

## खंड - घ (लेखन)

**प्रश्न 10-** निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80 से 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : **(5)**

(क) आत्मसम्मान

(ख) मेट्रो ट्रेन

(ग) भारतीय सैनिक

**प्रश्न 11-** पुस्तकें मँगवाने के लिए पुस्तक विक्रेता को एक पत्र लिखिए। **(5)**

अथवा

विद्यालय में प्रवेश प्राप्त करने के लिए अपने विद्यालय की प्रधानाचार्या को आवेदन-पत्र लिखिए।

**प्रश्न 12-** महिला और फलवाले के बीच हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए। **(5)**

अथवा

विद्यालय में आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के संबंध में दो विद्यार्थियों के बीच हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए।

***********